प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 05.04.2025

थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 04.04.2025 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर अभियुक्त मौहम्मद आरिफ पुत्र मौहम्मद अजीम निवासी बेहटा हाजिपुर, अली मस्जिद के पास थाना लोनी बोर्डर, गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष को सभापुर अण्डरपास थाना क्षेत्र अंकुर विहार से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अंकुर विहार पर धारा 317(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि साहब मैं मौका पाकर दिल्ली व अन्य जगहों से मोटरसाइकिल चोरी कर लेता हूँ तथा चोरी की मोटरसाइकिल का प्रयोग करके लूट जैसी घटनाएं करता हूँ और अपने शौक पूरा करता हूँ। ये मोटरसाइकिल मैंने काफी समय पहले दिल्ली से चोरी की थी और पकड़े जाने के डर से मैंने नंबर प्लेट हटाकर उसका प्रयोग कर रहा था। मैं इस मोटरसाइकिल से किसी घटना को कारित करने के लिए निकला था कि पुलिस चेकिंग में पकडा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता –

मौहम्मद आरिफ पुत्र मौहम्मद अजीम निवासी बेहटा हाजिपुर, अली मस्जिद के पास थाना लोनी बोर्डर, गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष

बरामदगी का विवरण

चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग

अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से लूट का 01 अभियोग थाना लोनी पर, लूट व पुलिस मुठभेड के 02 अभियोग थाना शालीमार गार्डन पर, चोरी का 01 अभियोग दिल्ली में पंजीकृत हैं तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी का 01 अभियोग थाना अंकुर विहार पर पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम